# 10-12-2021

## विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2021

**प्रश्न – निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. इस रिपोर्ट में WHO ने कहा है, कि मलेरिया से निपटने के वैश्विक प्रयासों को 2020 में कोरोना वायरस बीमारी के कारण नुकसान उठाना पड़ा।
2. श्रीलंका को वर्ष 2016 में मलेरिया मुक्त प्रणाणित किया गया था और यह मलेरिया युक्त बना हुआ है।
3. 2020 में अनुमानित रूप से 6,27,000 मौते मलेरिया से हुई। 2019 की तुलना में मौतों की संख्या में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है –

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर – (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** – विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 6 दिसंबर 2021 को अपनी विश्व मलेरिया रिपोर्ट जारी की।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु –**

- कोविड-19 महामारी से पहले ही मलेरिया के खिलाफ वैश्विक प्रगति कम हो गई थी। 2015 से लगभग 24 देशों ने मलेरिया मृत्यु दर में वृद्धि दर्ज की है।
- 2020 में अनुमानित रूप से 6,27,000 मौतें मलेरिया से हुई 2019 की तुलना में मौतों की संख्या में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- दुनिया भर में मलेरिया के 96 प्रतिशत मामलों के लिए 29 देश जिम्मेदार हैं।
- नाइजीरिया, कांगों लोकतांत्रिक गणराज्य, युगांडा, मोजाम्बिक,अंगोला और बुर्किना फासो नामक 6 देशों मे दुनिया भर में सभी मामलों का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा है।
- WHO ने दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में 83 प्रतिशत मामलों के लिए भारत जिम्मेदार है।
- श्रीलंका को वर्ष 2016 में मलेरिया मुक्त प्रमाणित किया गया था और यह मलेरिया मुक्त बना हुआ है।
- इस रिपोर्ट में WHO ने कहा कि मलेरिया से निपटने के वैश्विक प्रयासों को 2020 में कोरोना वायरस बीमारी के कारण नुकसान उठाना पड़ा।
- इस रिपोर्ट में आगे चेतावनी दी गई है, कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो दुनिया में मलेरिया के फिर से तेजी से फैल सकता है, विशेष रूप से अफ्रीका में।

## विश्व असमानता रिपोर्ट 2022

**प्रश्न – निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. इस रिपोर्ट के अनुसार भारत की शीर्ष 1 प्रतिशत आबादी के पास 2021 में कुल राष्ट्रीय आय का पांचवा हिस्सा है।
2. यह रिपोर्ट लुकास चांसल द्वारा लिखी गई थी, जो WORLD INEQUALITY LAB के सह-निदेशक है।

3. इस रिपोर्ट के अनुसार भारत ने जो आर्थिक सुधार और उदारीकरण अपनाया है, उससे ज्यादातर शीर्ष 1 प्रतिशत को यह फायदा हुआ है।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है -

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर - (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** - फ्रांस की WORLD INEQUALITY LAB ने विश्व असमानता रिपोर्ट (WORLD INEQUALITY REPORT) 2022 शीर्षक से अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु** -

- यह रिपोर्ट लुकास चांसल द्वारा लिखी गई थी जो WORLD INEQUALITY LAB के सह-निदेशक है।
- इसका समन्वय प्रसिद्ध फ्रांसीसी अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी ने किया था।
- इस रिपोर्ट के अनुसार भारत की शीर्ष 1 प्रतिशत आबादी के पास 2021 में कुल राष्ट्रीय आय का पांचवा हिस्सा है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार भारत ने जो आर्थिक सुधार और उदारी कारण अपनाया है, उससे ज्यादातर शीर्ष 1 प्रतिशत को यह फायदा हुआ है।
- यह रिपोर्ट भारत को एक संपन्न अभिजात वर्ग के साथ एक गरीब और असमान देश के रूप में चिन्हित करती है।
- भारत में 1 प्रतिशत सबसे अमीर लोगों के पास 2021 में कुल राष्ट्रीय आय का 22 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास आय का 57 प्रतिशत हिस्सा है।
- क्रय शक्ति समता के आधार पर 2021 में भारतीय वयस्क आबादी की औसत राष्ट्रीय आय 2,04,200 रूपये है।
- भारत की आधी आबादी सिर्फ 13.1 फीसदी कमाती है।
- अमेरिका में अनुपात 1 से 17 है, वैश्विक आबादी के सबसे अमीर दर लोगों के पास वैश्विक आय का 52 प्रतिशत हिस्सा है। दूसरी और सबसे गरीब आधी आबादी वैश्विक आय का 8. 5 प्रतिशत कमाती है।

## वैश्विक शस्त्र व्यापार रिपोर्ट : SIPRI

**प्रश्न - निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

1. दुनिया भर में शीर्ष 100 कंपनियों में संयुक्त राज्य अमेरिका की कंपनियों की संख्या सबसे अधिक है। इस अवधि के दौरान अमेरिका के हथियारों की बिक्री 285 बिलियन अमरीकी डॉलर थी, जो कि वर्ष 2019 की तुलना में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।
2. भारत की तीन कंपनियों शीर्ष 100 में है, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) इंडियन आर्डनेंस फैक्ट्रीज और भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (BEL) है।
3. स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यह एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संस्थान है, जो संघर्ष आयुध हथियार नियंत्रण एवं निरस्त्रीकरण में अनुसंधान हेतु समर्पित है।

**उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है -**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर - (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** - वैश्विक हथियारों के व्यापार पर नजर रखने वाले स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) की एक रिपोर्ट के अनुसार तीन भारतीय कंपनियां वर्ष 2020 में संयुक्त हथियारों की ब्रिकी के मामले में दुनिया की शीर्ष 100 कंपनियों में शामिल हैं।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु -**

- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट : यह एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संस्थान हे, जो संघर्ष, आयुध, हथियार नियंत्रण एवं निरस्त्रीकरण में अनुसंधान हेतु समर्पित है।
- शीर्ष 100 में भारतीय कंपनियाँ हैः हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (HAL), इंडियन आर्डनेंस फैक्ट्रीज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड BEL है।
- वर्ष 1966 में स्टॉकहोम में स्थापित स्टॉकहोम इंटरनेशरनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं मीडिया और इच्छुक जनता को खुले स्त्रोतों के आधार पर डेटा विश्लेषण तथा सिफारिशें प्रदान करता है।
- दुनिया भर में शीर्ष 100 कंपनियों में संयुक्त राज्य अमेरिका की कंपनियों की संख्या सबसे अधिक है, इस अवधि के दौरान अमेरिका के हथियारों की ब्रिकी 285 बिलियन अमरीकी डॉलर थी, जो कि वर्ष 2019 की तुलना में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।
- इंडियान आर्डनेंस फैक्ट्री 1.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ब्रिकी के साथ 60 वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.2 प्रतिशत अधिक है।
- HAL 2.97 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ 42 वें स्थान पर है, जो वर्ष 2019 की ब्रिकी से 1.5 प्रतिशत अधिक है।
- वर्ष 2020 में भारत सरकार ने घरेलू कंपनियों की सहायता करने और हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने हेतु 100 से अधिक विभिन्न प्रकार के सैन्य उपकरणों के आयात पर चरणबद्ध प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।
- वहीं चीन 13 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर था, जिसके बाद यूनाइटेड किंगडम (7.1 प्रतिशत) का स्थान है।
- घरेलू खरीद ने भारतीय कंपनियों को महामारी के नकारात्मक आर्थिक परिणामों से बचाने में मदद की है।

00000